ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 27-07-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-07-27 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-07-28	2021-07-29	2021-07-30	2021-07-31	2021-08-01
वर्षा (मिमी)	35.0	55.0	50.0	35.0	30.0
अधिकतम तापमान(से.)	20.0	20.0	20.0	20.0	21.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	15.0	15.0	14.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	70	70	65	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	130	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	8	8	7	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 20.0 से 21.0 व 14.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 1 से 7 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः आगामी पांच दिनों में, कहीं-कही (लगभग 25 प्रतिशत) पर भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ ही कहीं-कही गरज के साथ तेज बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई समय पर मौसम पूर्वानुमान और जिलेवार कृषि मैसम परामर्श सलाह तथा आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से मेघदूत व दामिनी मोबाईल एप निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। आगामी पांच दिनों में, कहीं-कही (लगभग 25 प्रतिशत) पर भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ ही कहीं-कही गरज के साथ तेज बिजली गिरने की चेतावनी है

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
रागी	फसलों की निगरानी करतें रहे तथा आवश्यकता पड़ने पर निराई कर खरपतवारों को निकाल लें।
सोयाबीन	मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए, मध्यम और कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बोयी गई फसल में विरलीकरण करें एवं निराई और गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
शिमला मिर्च	पर्वतीय क्षेत्रो में शिमला मिर्च की फसल में बरसात के दौरान जल निकास की समुचित व्यवस्था रखें तथा समय-समय पर फलों की तुड़ाई करें।
बैंगन	खेत में बारिश का पानी जमा न होने दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	सिंचित चारे के खेतों में पशुओं को चरने न दें, क्योंकि लंबी गर्मी के बाद, मानसून की शुरुआत के कारण चारे में अचानक वृद्धि होने से उसमें जहरीले साइनाइड की उपस्थिति होती है। यह विशेष रूप से ज्वार की फसल में होता है। इसलिए इन चारे वाली फसलों को समय से पहले काटा नहीं जाना चाहिए या जानवरों को नहीं खिलाना चाहिए।